आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 27 लखनऊ, गुरूवार 21 अक्तूबर से 27 अक्तूबर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## डबल इंजन की सरकार ने डबल ताकत से किया UP में सुधार: मोदी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २८० करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्माण किये जाने वाले राजकीय मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर की आधारशिला रखी। इसके साथ ही १८० करोड़ रुपये से अधिक की लागत की १२ विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि आज महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती भी है, इस पावन अवसर पर कनेक्टिविटी के, स्वास्थ्य के और रोजगार के सैकड़ों करोड़ के नए प्रोजेक्ट कुशीनगर को सौंपते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में राजकीय मेडिकल कॉलेज बनने से आपको अब इलाज के लिए एक नई सुविधा मिल गई है। इससे बिहार के सीमावर्ती इलाकों को भी इसका लाभ मिलेगा। यहां से अनेक युवा डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर पाएंगे। मोदी ने कहा कि जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपनों को देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जब झुग्गी में रहने वालों को पक्का घर मिले, घर में शौचालय, बिजली, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास अनेक गुना बढ़ जाता है। मोदी ने दावा किया कि डबल इंजन की सरकार, डबल ताकत से स्थितियों को सुधार रही है। वर्ना २०१७ से पहले जो सरकार यहां थी, उसे आपकी दिक्कतों से, गरीब की परेशानी से कोई सरोकार नहीं था। उन्होंने कहा कि लोहिया जी कहा करते थे कि कर्म को करूणा से जोड़ो, भरपूर करुणा से जोड़ो। लेकिन जो पहले सरकार चला रहे थे, उन्होंने गरीब के दर्द की परवाह नहीं की, पहले की सरकार ने अपने कर्म को, घोटालों से जोड़ा,



अपराधों से जोड़ा। मोदी ने कहा कि यूपी के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि इन लोगों की पहचान समाजवादी की नहीं, परिवारवादी की बन गई है। इन लोगों ने सिर्फ अपने परिवार का भला किया, समाज का और उत्तर प्रदेश का हित भूल गए। केंद्र सरकार ने एक और योजना शुरू की है जो भविष्य में यूपी के ग्रामीण इलाकों में समृद्धि का नया द्वार खोलने वाली है। इस योजना का नाम है– पीएम स्वामित्व योजना। इसके तहत गांव के घरों की घरौनी यानि घरों का मालिकाना दस्तावेज देने का काम शुरु किया है। योगी की तारीफ करते हुए मोदी ने कहा कि २०१७ से पहले जो सरकार यहां पर थी, उसकी नीति थी– माफिया को खुली छूट, खुली लूट। आज योगी जी के नेतृत्व में यहां माफिया माफी मांगता फिर रहा है और सबसे ज्यादा दर्द भी माफियावादियों को हो रहा है। मोदी ने कहा कि एक समय में उत्तर प्रदेश, देश के हर बड़े अभियान के लिए चुनौती मान लिया जाता था। लेकिन आज उत्तर प्रदेश के हर बड़े मिशन की सफलता में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बीते वर्षों में स्वच्छ भारत अभियान से लेकर कोरोना के विरुद्ध अभियान में देश ने लगातार अनुभव किया है। देश में प्रतिदिन औसतन सबसे ज्यादा वैक्सीन लगाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। जब कानून का राज होता है, अपराधियों में डर होता है, तो विकास की योजनाओं का लाभ भी तेजी से गरीब, दलित, शोषित, पिछड़ों तक पहुंचता है। नई सड़कों, नए रेल मार्गों, नए मेडिकल कलेजों, बिजली और पानी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज गति से विकास हो पाता है। इसे योगी जी की पूरी टीम जमीन पर उतारकर दिखा रही है।

## यूपी में अब ६ एयरपोर्ट, कुशीनगर से अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : सीएम योगी आदित्यनाथ

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के उद्घाटन के बाद अब राज्य में नौ हवाईअड्डे पूरी तरह से चालू हो गए हैं। सीएम योगी ने यह भी कहा कि राज्य में दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों सहित ११ नए हवाई अड्डों पर काम पहले से ही चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के उद्घाटन समारोह में कहा कि इससे बौद्ध सर्किट में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या हवाई अड्डे के लिए भी काम चल रहा है और राज्य में हवाई संपर्क मजबूत हो रहा है जिससे विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह दशकों की आकांक्षाओं और प्रयासों की अभिव्यक्ति' है। पीएम ने कहा कि यह मेरी प्रतिबद्धता थी और हमने इसे पूरा किया है। हम बौद्ध स्थलों को जोड़ने, आतिथ्य सुविधाओं में सुधार और पर्यटकों के आराम को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हैं। यह हवाई अड्डा न केवल भारत से बल्कि श्रीलंका सहित ( थाईलैंड, कोरिया, जापान, कंबोडिया और अन्य देश) दुनिया भर के बौद्धों की सेवा करेगा। प्रधान मंत्री ने बताया कि लुंबिनी, सारनाथ और बोधगया जैसे अन्य बौद्ध स्थल कुशीनगर से थोड़ी दूरी पर थे जिसने बौद्ध सर्किट के



महत्व को जोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत ने हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाकर अपनी कनेक्टिविटी का विस्तार किया है और आने वाले वर्षों में भारत में २०० और हवाई अड्डे होंगे। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए उद्घाटन श्रीलंकाई एयरलाइंस की उड़ान बुधवार को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी।इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कुशीनगर हवाई अड्डा २६० करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है और आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश में १७ हवाई अड्डे होंगे। कुशीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि प्रधान मंत्री के ष्टिकोण और मार्गदर्शन के तहत हमने सफलतापूर्वक कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित किया है। यह उत्तर प्रदेश का नौवां हवाई अड्डा है और सरकार की राज्य में निकट भविष्य में १७ और हवाई अड्डे स्थापित करने की योजना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के पहले ७० वर्षों में, देश में केवल ७४ हवाई अड्डे थे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार ने देश में उनके शासन के पिछले सात वर्षों में ५४ हवाई अड्डों का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया है। यह देश में १२८ हवाई अड्डे स्थापित किए गए हैं। वायुमार्ग की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने कहा कि सरकार ने दिल्ली हवाई अड्डे से कुशीनगर हवाई अड्डे के लिए सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करने का निर्णय लिया है। ये संचालन २६ नवंबर से शुरू होगा। हम कोलकाता और मुंबई हवाई अड्डों से भी जल्द ही सीधे जुड़ जाएंगे। सिंधिया ने इससे पहले कुशीनगर में पीएम नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया था।

## फिर बढ़े पेट्रोल और डीजल के दाम

नई दिल्ली। दो दिन तक स्थिर रहने के बाद बुधवार को एक बार फिर पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार की पेट्रोलियम कंपनियों ने बुधवार को दोनों ईंधनों में ३५–३५ पैसे की बढ़ोतरी का ऐलान किया, जिसके बाद देश भर में पेट्रोल और डीजल के दाम एक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत १०६.१६ रुपए प्रति लीटर और मुंबई में ११२.११ रुपए प्रति लीटर के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई। डीजल के दाम भी नए उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। मुंबई में, इसकी कीमत अब १०२.८६ रुपए प्रति लीटर है, जबकि दिल्ली में इसकी कीमत ६४.६२ रुपए प्रति लीटर है। इससे पहले पिछले दो दिन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था, जबकि उससे पहले, लगातार चार दिन कीमतों में ३५–३५ पैसे प्रति लीटर की हर दिन बढ़ोतरी की गयी थी। अक्टूबर के महीने में पहले २० दिन में १५ दिन कीमत बढ़ी है। चार, १२, १३, १६ और १६ अक्टूबर को कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हुई है। बुधवार को हुई बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल अब सभी राज्यों की राजधानियों में एक सौ रुपए प्रति लीटर या उससे अधिक हो गया है, जबकि डीजल एक दर्जन से अधिक राज्यों में सौ रुपए लीटर के स्तर को छू गया है। पणजी और रांची में भी डीजल ने एक सौ रुपए प्रति लीटर का आंकड़ा पार कर लिया। सबसे महंगा ईंधन राजस्थान के सीमावर्ती शहर गंगानगर में है, जहां पेट्रोल ११८.२३ रुपए प्रति लीटर और डीजल १०६.०४ रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। सितंबर के आखिरी हफ्ते में तेल कंपनियों ने कीमतों में



बदलाव का सिलसिला शुरू किया। उससे पहले जुलाई और अगस्त में कीमतें स्थिर रही थीं। २४ सितंबर से बदलाव का सिलसिला शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में १७ बार और डीजल की कीमतों में २० बार बढ़ोतरी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से भारत में तेल के दाम बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमत सात साल में पहली बार बुधवार को ८४.४३ डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक महीने पहले इसकी कीमत ७३.६२ डॉलर प्रति बैरल थी।

# सम्पादकीय

## सुधार की अपेक्षा बेकार

दो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अपने वर्ल्ड हंगर इंडेक्स के ताजा संस्करण में जो बताया, वह बेशक किसी देश के लिए शर्म की बात है। जो देश कभी महाशक्ति बनने का सपना देखता था, वहां अगर भूख की समस्या इस हद तक बढ़ गई है कि उसके नीचे सिर्फ युद्ध जर्जर और दूसरी मुसीबतों के मारे देश ही हैं। लेकिन भारत सरकार ने अपनी फितरत के मुताबिक उस हकीकत को स्वीकार नहीं किया। बल्कि इंडेक्स बनाने के तरीके पर सवाल उठा दिए। हालांकि अगले ही दिन इंडेक्स बनाने में शामिल रही एक जर्मन संस्था ने सरकार के सवालों को निराधार साबित कर दिया। बहरहाल, इस सरकार की फितरत आरंभ से ही यही रही है कि हकीकत पर नहीं, बल्कि हकीकत की प्रस्तुति पर ध्यान दिया जाए। यानी बहुत खराब हालत की भी हेडलाइन मैनेजमेंट से गुलाबी सूरत पेश की जा सकती है और उससे मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को प्रसन्न किया जा सकता है। अब तक ये तरीका सियासी तौर पर कामयाब रहा है। लेकिन लोगों की माली हालत के मोर्चे पर सूरत लगातार डरावनी होती जा रही है। हंगर इंडेक्स कुपोषण, बाल अल्प–विकास और बाल मृत्यु की दर के आधार पर तैयार किया जाता है। ये सारे ठोस आंकड़े हैं। फिर उसमें संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी विश्व खाद्य संगठन के मानकों का उपयोग किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं को सूचना हर देश के आधिकारिक स्रोतों से मिलती है। तो ऐसे में जो यथार्थ हमारी आंखों के सामने चारों और पसरा है, उसे स्वीकार करने के बजाय सरकार उसकी प्रस्तुति के सवाल उठाए, तो यही कहा जाएगा कि आम जन की पीड़ा के प्रति वह पूरी तरह असंवेदनशील है। संवेदनशील सरकार का पहला कदम इस सच को स्वीकार करना होता। उसके बाद ऐसी सरकार इसे राष्ट्रीय शर्म का विषय बताती और इस शर्म को मिटाने के राष्ट्रीय प्रयास शुरू करने का संकल्प लेती। इसमें सभी दलों और नागरिक समाज को शामिल कर ऐसी कोशिश करती कि अगले साल जब ये इंडेक्स जारी हो, तो उसमें सुधार का ट्रेंड दिखे। लेकिन जब सच को स्वीकार करने के लिए सरकार तैयार नहीं है, तो फिर सुधार की अपेक्षा तो बेकार ही है। इसीलिए ऐसी आशंकाओं में दम है कि आने वाले समय में भारत दुर्दशा की कहानी अधिक विकराल होती जाएगी।

# १४ साल बाद यूपी विधानसभा को मिला उपाध्यक्ष


लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में १४ साल के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ है। पांच महीने के लिए ही सही लेकिन १४ साल बाद सोमवार को विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया। समाजवादी पार्टी से बगावत करके अलग हुए हरदोई के विधायक नितिन अग्रवाल को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से उपाध्यक्ष चुना गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा को शिकस्त दी। नितिन अग्रवाल को ३०४ और नरेंद्र सिंह वर्मा को ६० वोट मिले। उपाध्यक्ष के चुनाव में क्रास वोटिंग भी हुई। विधान भवन प्रांगण में दिन में ११ बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया दिन में तीन बजे तक चली। विधान सभा उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए कुल ३६८ वोट पड़े। इसमें से चार वोट अवैध घोषित किए गए और कुल ३६४ वोट की गिनती हुई। नितिन अग्रवाल को ३०४ और नरेंद्र सिंह वर्मा को ६० वोट मिले। गौरतलब



है कि मुख्य विपक्षी पार्टी सपा के कुल ४६ विधायक हैं, लेकिन उसके उम्मीदवार को ६० वोट मिले। सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी विधायकों की संख्या ३१८ है, लेकिन उसके उम्मीदवार को ३०४ वोट मिले। बसपा के १६ विधायकों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। बहरहाल, उत्तर प्रदेश विधानसभा को करीब १४ साल बाद उपाध्यक्ष मिला है। राजेश अग्रवाल २००७ में यूपी विधानसभा के आखिरी उपाध्यक्ष थे। उसके १४ साल बाद यूपी में विधानसभा के उपाध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ। इसके लिए सोमवार को विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाया गया। इस चुनाव में कांग्रेस और बसपा ने चुनाव का बहिष्कार किया, लेकिन कांग्रेस के बागी विधायक राकेश सिंह और अदिति सिंह ने भाजपा के समर्थित प्रत्याशी नितिन अग्रवाल के समर्थन में मतदान किया। सीतापुर सदर के भाजपा विधायक राकेश राठौर और अपना दल के आरके वर्मा ने भाजपा के खिलाफ सपा प्रत्याशी को वोट दिया।

# प्रियंका गांधी को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लिया, पीड़ित परिवार से मिलने के लिए जा रही थीं आगरा

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दरअसल, आगरा में १६ अक्टूबर को पुलिस हिरासत में सफाई कर्मचारी की मौत हो गई है। जिसके बाद प्रियंका गांधी बुधवार को पीड़ित परिवार से मिलने के लिए आगरा जा रही थी, तभी उन्हें लखनऊ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में प्रियंका ने कहा कि पुलिस की खुद स्थिति यह हो गई है कि वे कुछ कह नहीं पा रहे हैं। उनके अधिकारी भी जानते हैं कि ये गलत है इसके पीछे कुछ कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं है। हर जगह कहते हैं कि धारा–१४४ है। पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर ने बताया कि आगरा के



जिलाधिकारी ने लखनऊ पुलिस से लिखित अनुरोध किया था कि राजधानी से आगरा आने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं को कानून–व्यवस्था के मद्देनजर वहां न आने दिया जाए। गौरतलब है कि आगरा के जगदीशपुरा थाने के मालखाने से २५ लाख रुपए की चोरी के आरोप में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करने वाले अरुण को हिरासत में लिया गया। इस दौरान उससे पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया था कि मंगलवार की रात अरुण के घर की तलाशी ली जा रही थी, उसी दौरान आरोपी की तबियत बिगड़ने लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत लाया हुआ घोषित कर दिया।

# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ के बीच वार्ता विफल

आलमबाग, आलमबाग स्थित इको गार्डन में मांगों को लेकर धरनारत निविदा/ संविदा कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा/ संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारियों की मांगे पूरी न होने पर बुधवार २० अक्टूबर को ऊर्जा मंत्री श्रीकात शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार के आवास पर धरना दिया जाना सुनिश्चित किया गया था। लेकिन पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष द्वारा आज २० अक्टूबर को सुबह दस बजे संगठन से वार्ता करने की पेशकश की गई। जिसको स्वीकार करते हुए संगठन द्वारा ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के आवास पर दिए जाने वाले धरने को स्थगित कर वार्ता करने हेत संगठन पदाधिकारी शक्ति भवन पहुंचे, जहां पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष व संगठन पदाधिकारियों के बीच वार्ता शुरू हुई जिसमें संघ के तरफ से पूर्व से कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को मस्टरोल व्यवस्था के तहत समायोजित कर समान कार्य का समान वेतन देने, या वेतन रुपया १८००० निर्धारित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर दिए जाने वाले हित लाभों को देने, आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, अनुबंध के अनुरूप सुरक्षा उपकरण देने, ई पी एफ व ई एस आई में हुए घोटाले की जांच



कराने जैसे अन्य ज्वलंत समस्याओं को अध्यक्ष पावर कारपोरेशन के सम्मुख रखी गई मगर अध्यक्ष पावर कारपोरेशन द्वारा कोई उचित जवाब ना दिए जाने के कारण संगठन द्वारा वार्ता को विफल कर दिया गया। इस प्रकार अध्यक्ष पावर कारपोरेशन द्वारा वार्ता के बहाने संगठन के कार्यक्रम को विफल करने का निरर्थक प्रयास किया गया। अब सभी कर्मचारियों की निगाहें २३ अक्टूबर २०२१ को मथुरा में सुनिश्चित संगठन व ऊर्जा मंत्री के बीच द्विपक्षीय वार्ता ,पर टिकी है यदि वहां भी उचित जवाब नहीं मिला तो इको गार्डन आलमबाग लखनऊ में चल रहे धरने को जारी रखते हुए,आगे की लड़ाई लड़ने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया जाएगा। वार्ता में प्रबंधन के तरफ से एम देवराज, अध्यक्ष पावर कारपोरेशन, ए के पुरवार, निदेशक प्रबंधन एवं प्रशासन एवं अन्य तथा संगठन के तरफ से प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद, प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन, मीडिया प्रभारी रंजीत कनौजिया, संगठन मंत्री हरीश यादव, तथा के डी मिश्रा ने वार्ता में भाग लिया।संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत कनौजिया ने लगाया ऊर्जा मंत्री पर आरोप उपभोक्ताओं और कर्मचारियों को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं।अखबार द्वारा ऊर्जा मंत्री संघ से वार्ता करने की अपील करते हैं पर संघ के द्वारा कई बार वार्ता करने का प्रार्थना पत्र दिया गया है एक बार मिलने की कोशिश भी नहीं की।

# मुख्यमंत्री आवास के सामने गोंडा के युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

लखनऊ। बंटवारे का आदेश खतौनी में दर्ज करने के लिए लेखपाल ने खातेदार से ६० हजार रुपये ले लिए। खतौनी में आदेश दर्ज न करने पर जब किसान ने विरोध किया तो उसे अभिलेख फाड़कर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इससे क्षुब्ध किसान ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने किसान को बचाने के साथ ही गोंडा प्रशासन को सूचना दी। रिश्वत लेने के आरोप में लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।मामला कर्नलगंज तहसील के ग्राम पिपरीमाझा का है। निर्भयराम उपाध्याय ने बताया कि जमीन के बंटवारे को लेकर ६ जनवरी १९९२ को एसडीएम न्यायालय से आदेश पारित हुआ था, लेकिन ये आदेश खतौनी पर नहीं चढ़ा। कुछ माह पूर्व जब उन्हें अभिलेख की जरूरत हुई तो लेखपाल से संपर्क किया। लेखपाल ने अभिलेख में आदेश दर्ज करने के लिए छह किस्तों में उससे ६० हजार रुपये ले लिए, लेकिन आदेश दर्ज नहीं किए। कई बार प्रयास के बावजूद जब कार्य नहीं हुआ तो उन्होंने २७ सितंबर को जनता दर्शन में डीएम से शिकायत की। निर्भय के मुताबिक मामले की जांच एसडीएम को सौंपी गई थी। जब इसकी जानकारी लेखपाल को हुई तो उन्होंने कार्य न करने की बात कहते हुए पैसा मांगने पर अभिलेख फाड़कर फर्जी मुकदमे फंसाने की धमकी दी।कार्रवाई न होने से निराश होकर वह लखनऊ पहुंच गए। मंगलवार को सुबह करीब सवा सात बजे निर्भय ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर जैसे ही खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया तभी मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। निर्भय को गौतमपल्ली थाने में लाकर बिठाया गया और गोंडा प्रशासन को सूचना दी गई। एसडीएम कर्नलगंज हीरालाल ने बताया कि रिश्वत लेने के आरोप में लेखपाल बसंतलाल गौतम को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच तहसीलदार को सौंपी गई है। परसपुर के पूरेलाली गांव निवासी बसंतलाल गौतम अपनी गृह तहसील में ही तैनात हैं। वह कर्नलगंज लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष भी हैं। निलंबन अवधि में लेखपाल को रजिस्टार कानूनगो कार्यालय कर्नलगंज से संबद्ध किया गया है।

# उपाध्यक्ष का चुनाव हार कर भी सपा को सियासी बढ़त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा को करीब चौदह साल बाद उपाध्यक्ष मिला है। विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के महज पांच माह पहले उपाध्यक्ष पद पर चुनाव कराने का भारतीय जनता पार्टी श्रेय ले रही है। भाजपा ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से कुछ माह पहले विधानसभा उपाध्यक्ष पद हथिया कर एक चुनावी जंग तो जीत ली। इस पद पर सपा बागी नितिन अग्रवाल विजयी हुए हैं। लेकिन परम्परागत रूप से विपक्ष को दिये जाने वाले इस पद पर अपना उपाध्यक्ष बनवाने से नैतिकता के मोर्चे पर भाजपा को बड़ा झटका लगा है। इसके विपरीत समाजवादी पार्टी ने चुनाव हार आसन्न होने के बावजूद भाजपा को वाकोवर नहीं देकर सियासी बढ़त हासिल की है। चुनाव में भाजपा समेत सभी दलों के विधायकों के वोट हासिल कर सपा यह सिद्ध करने में सफल रही है कि आगामी चुनावों में वह बड़ा खेल कर सकती है। चुनाव परिणाम से साफ है कि आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा समेत अन्य दलों के तमाम नेता सपा का दामन थाम सकते हैं। विधानसभा में उपाध्यक्ष का चुनाव कराने को लेकर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है। लेकिन विपक्ष इसे भाजपा का दोहरा चरित्र बता रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष सपा के राम गोविंद चौधरी ने इसे अलोकतांत्रिक तरीका बताया है। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा ने विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव करा लिया लेकिन विधानमंडल के एक अन्य सदन विधान परिषद सभापति का चुनाव तक नहीं कराया गया। उच्च सदन माने जाने वाले विधान परिषद में कार्यवाहक सभापति ही हैं। उप सभापति का पद भी खाली है। विधान परिषद में कांग्रेस पार्टी के नेता दीपक सिंह ने विधानसभा के उपाध्यक्ष और विधान परिषद के उप सभापति का चयन एक साथ कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र भी लिखा है। राज्यपाल को भेजे गए पत्र में उन्होंने लिखा है कि बरसों बाद विधानसभा उपाध्यक्ष पद का चुनाव तो कराया जा रहा है, मगर विधान परिषद के उपसभापति के चुनाव को अनदेखा किया जा रहा है। दीपक सिंह ने नियमों और परंपराओं का हवाला देते हुए कहा कि विधानसभा हो या विधान परिषद, दोनों सदनों में उपाध्यक्ष और उपसभापति पद विपक्ष का होता है। लेकिन भाजपा यह परम्परा तोड़ रही है। उन्होंने मांग की कि दोनों पदों के चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए। विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव में संख्या बल न होने के बावजूद अपना उम्मीदवार देने की सपा की रणनीति परवान चढ़ती नजर आ रही है। भाजपा समेत समूचे विपक्ष में सेंधमारी कर वह फायदे में रही है। उपाध्यक्ष पद पर एक कुर्मी उम्मीदवार देने का सपा को आगामी विधानसभा चुनाव में लाभ मिल सकता है। विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव में प्रदर्शन से उत्साहित सपा अब विधान परिषद सभापति और उपसभापति का चुनाव कराने की मांग कर भाजपा को घेरने की तैयारी में जुट गयी है। विधान परिषद में सपा सबसे बड़ा दल है। लेकिन लोकतांत्रिक नियमों के विपरीत भाजपा ने इस उच्च सदन में भी अपना कार्यवाहक सभापति बना रखा है। परिषद में सपा के ४८ सदस्य हैं जबकि भाजपा के



३३ सदस हैं। सपा एमएलसी शशांक यादव ने कहा कि परिषद में अभी कार्यवाहक सभापति हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के जरिए खुद को बड़ा दल बताने वाली भाजपा को विधान परिषद का चुनाव कराना चाहिए ताकि वास्तविकता सामने आ सके। यूपी विधानसभा में उपाध्यक्ष पद पर सपा बनाम सपा बागी की जंग में संख्या बल के हिसाब से सपा के अधिंत उम्मीदवार नरेंद्र सिंह वर्मा के पक्ष में १५ अतिरिक्त सदस्यों ने मतदान किया। सपा का एक मत अवैध पाया गया। सपा संख्या बल के हिसाब से सदन में ४६ विधायकों में अपना ४८ ही मान रही थी। लेकिन उसे ४८ के बजाय ६० मत मिले। सदन में बसपा के १६ विधायक हैं, भाजपा की सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के ९ विधायक हैं, कांग्रेस के पास सात सीटें हैं, जबकि रालोद और निषाद पार्टी के पास १–१ विधायक हैं तथा तीन निर्दलीय सदस्य और दो असम्बद्ध हैं। सात सीटें खाली हैं। यूपी की सत्तारूढ़ भाजपा ने २०१७ के विधानसभा चुनाव में ४०३ सदस्यीय यूपी विधानसभा में ३०४ सीटें जीती थीं। इन सभी लोगों ने नितिन अग्रवाल के लिए वोट किया है। सूत्रों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी ने नितिन अग्रवाल को दलबदल कानून के तहत विधानसभा से अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष याचिका दायर की थी जिसे खारिज कर दिया गया था। नितिन अग्रवाल अखिलेश यादव की सरकार में राज्य मंत्री थे। नितिन अग्रवाल अपने पिता नरेश अग्रवाल के साथ २०१८ में भाजपा में शामिल हो गए। नितिन अग्रवाल की अयोग्यता की मांग वाली सपा की याचिका को हाल ही में खारिज कर दिया गया था और तकनीकी रूप से वह भाजपा में शामिल होने के बाद भी सपा के विधायक बने हुए हैं। भाजपा ने नितिन अग्रवाल को आम चुनाव से चार महीने पहले उतारकर करीब दो फीसदी वैश्य वोट पर पकड़ मजबूत करने की रणनीति बनाई हैं। उत्तर प्रदेश को १४ साल से अधिक के अंतराल के बाद विधानसभा का पहला उपाध्यक्ष मिला है। भाजपा के राजेश अग्रवाल वर्ष २००४ में विधानसभा उपाध्यक्ष चुने गये थे और उनका कार्यकाल २००७ तक था। इसके बाद से विधानसभा में उपाध्यक्ष पद पर चुनाव नहीं हुआ था। परंपराओं के अनुसार, प्रमुख विपक्षी दल के एक विधायक को विधानसभा का उपाध्यक्ष बनाया जाता है। उत्तर प्रदेश में ३७ साल बाद उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इससे पहले १९८४ में नारायण दत्त तिवारी के मुख्यमंत्रित्व काल में कांग्रेस ने परंपरा को तोड़ते हुए उपाध्यक्ष का पद मुख्य विपक्षी पार्टी को नहीं देने का दांव खेला था। उस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने हुकुम सिंह को उतारा था, जबकि विपक्ष ने मुरादाबाद के एमएलए रियासत हुसैन का नामांकन भरवाया था। तब हुकुम सिंह, जो बाद में भाजपा में चले गये थे और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के नेता रहे निर्दलीय विधायक रियासत हुसैन के बीच चुनाव हुआ था। चुनाव में कांग्रेस के हुकुम सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष बनने में कामयाब रहे। विपक्ष के आरोपों पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि हम लोगों ने कोई परंपरा नहीं तोड़ी। इतने वर्षों तक सपा ने प्रत्याशी नहीं दिया। सपा ने आपसी गुटबाजी से प्रत्याशी नहीं दिया। अब हम अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे हैं। योगी सरकार में कैबनेट मंत्री सतीश महाना ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने सपा और बसपा की सरकारों में कई बार विधानसभा के उपाध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के लिए चुनाव की मांग की थी लेकिन चुनाव नहीं होने दिया गया। जिन लोगों ने कभी भी डिप्टी स्पीकर का चुनाव नहीं कराया वो लोग मर्यादा और परंपरा की बात ना करें। अगर हमने डिप्टी स्पीकर का चुनाव कराया है तो क्या यह किसी मर्यादा का उल्लंघन है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा बहुओं ने ११ सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

लखनऊ। मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र की आशा बहुओं ने ११ सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को सामुदा यिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलाल गंज में धरना–प्रदर्शन किया। आशा बहुओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। गेट बंद हो जाने से चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित रही मरीजों को इलाज भी नहीं मिल पाया इलाज ना मिल पाने पर मरीजों के साथ आये



तीमारदार उग्र हो गए तीमारदारों व आशा बहुओं के बीच नोकझोंक शुरू हो गई मामला बढ़ता देख पुलिस बुलानी पड़ी पुलिस के आने के बाद मामला शांत हुआ आशा बहुओं ने कहा यदि हमारी मांगों पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया या कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो आशा बहुएं प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगी। बताते चलें आशा बहुओं ने मानदेय समेत ग्यारह सूत्रीय मांगे स्वास्थ्य विभाग के सामने रखी हैं आशा बहुओं का कहना है कि दिन रात मेहनत करने के बावजूद भी आशा बहुओं को उचित मानदेय नहीं मिल रहा है कोरोना समय में भी आशा बहुओं ने बिना अपनी जान की परवाह किए हुए लगातार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देती रही बावजूद इसके सरकार ने आशा बहुओं पर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र की आशा बहुओं ने अस्पताल गेट पर ताला बंद करके जब प्रदर्शन किया प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आशा बहुओं को समझाते हुए अस्पताल के गेट खुलवाएं आशा बहुओं व तीमारदारों के बीच हुई नोकझोंक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट बंद करके प्रदर्शन कर रही आशा बहुओं व इलाज कराने आए मरीजों के तीमारदारों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई दूरदराज से इलाज कराने आए मरीजों को जब अस्पताल के अंदर नहीं जाने दिया गया तो तीमारदार उग्र हो गए आशा बहुओं व तीमारदारों के बीच नोकझोंक होने लगी वही मामला बढ़ता देख अस्पताल प्रशासन ने पुलिस बुलाई पुलिस के आने के बाद आशा बहुओं ने अस्पताल का गेट खोल दिया तब जाकर तीमारदार शांत हुए।

# आशियाना के शारदा नगर प्रथम वार्ड नं ६ में लगाया गया वैक्सिनेशन कैंप

लखनऊ। कोरोना के तृतीय वेब से बचाव के लिए समाज सेवी एवं रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नेता रूपेश कुमार के अथक प्रयासों से आशियाना के शारदा नगर वार्ड नं ६ में नागेश्वर मंदिर के बगल में (वेस्ट ग्रोसरी) पर वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन किया गया है। वैक्सिनेशन कैंप में शारदा नगर एवं आसपास के २०० से अधिक नागरिकों ने कोविशील्ड टीके का प्रथम डोज लगवाया। वैक्सिनेशन कैंप में आलमबाग सीएचसी के टीम मैनेजर अनुपम यादव के नेतृत्व में सरोज यादव एनम, मीना एनम, प्रेम लता सिंह एनम, सुभी श्रीवास्तव एवं ममता यादव,सर्वेश यादव,अभय तिवारी, का विशेष योगदान रहा इस अवसर रूपेश कुमार ने कहा कि इस वैक्सिनेशन कैंप के आयोजन का मुख्य उददेश्य शारदा नगर वार्ड नं ६ एवं आसपास



के बुजुर्ग लोग एवं महिलाएं जो हास्पिटल जाकर वैक्सिन नहीं लगवा पा रहे थे उनको कोविड से सुरक्षा प्रदान करने के लिए आयोजन किया गया। रूपेश कुमार ने कहा कि बुजुर्ग माता पिता हमारे मार्ग दर्शक और हमारे संरक्षक हैं एवं महिलाएं पूरे घर को संभालती हैं, ऐसे में इनका सुरक्षित रहना अति आवश्यक है।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

लखनऊ। 'मिशन शक्ति अभियान' तीसरे चरण के अंतर्गत चाइल्डलाइन लखनऊ "हम" द्वारा ग्राम मुजासा विकासखंड मलिहाबाद में महिलाओं व बालिकाओं को क्षमता निर्माण व आत्मनिर्भर के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति आयुक्त वाणिज्य कर उ. प्र. मिनिस्ती एस. नाय्यर रही उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि अच्छा कार्य करने में अधिक बाधाए आती हैं लेकिन समस्याओं से डरना नहीं है, नकारात्मक बातों पर ध्यान न दे, सकारात्मक सोच से अपने सपनों को पूरा करें। साथ ही उन्होंने अपने सपने को साकार करने में आयी चुनौतियों के बारे में बता कर, सभी को आत्मनिर्भर बनकर देश का गौरव बढ़ाने की बात कही। चाइल्डलाइन निदेशक अंशुमालि शर्मा ने कहा कि महिलाओं को रोजगार देने और आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वयं सहायता समूह एक बेहतरीन माध्यम है। मलिहाबाद में जोश एकेडमी लखनऊ के मो. सैफ खान द्वारा बालक व बालिकाओं को बक्सिंग की ट्रेनिंग दी जा रही हैं। ट्रेनिंग प्राप्त कर रही बालिकाओं ने अथितियों के सामने बॉक्सिंग का प्रदर्शन किया। बालिकाओं ने भी अपनी चुनौतियों के बारे में बताया कि किस तरह उन्हें घर, खेत व पढाई के साथ बॉक्सिंग के लिये समय निकाल कर महेनत करनी पड़ती है। डा. संगीता शर्मा ने कहा कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए सामाजिक जागरूकता जरुरी है, इसके दुष्परिणामों के बारे में भी बताया साथ ही कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम वर– वधू दोनों को भुगतने पड़ते हैं। कहा कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है कि यदि निकट भविष्य में कोई बाल विवाह होने वाला है तो उसे रोकने की दिशा में कदम उठाएं। संभावित वर–वधू के परिवार से बात कर बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताएं । अभिभावकों को अवगत कराया जाना चाहिए कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। चाइल्डलाइन टीम सदस्य नवीन कुमार ने PPT के माध्यम से सभी को सरकार द्वारा चल रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, कन्या विवाह अनुदान, गरीब व्यक्ति की पुत्रियों की शादी अनुदान, सुकन्या समृद्धि, वृद्धावस्था पेंशन आदि कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चाइल्डलाइन लखनऊ द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किये गये, काउंसलर वर्षा शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की कई बच्चियां माहवारी को एक बीमारी समझती हैं। कई परिवारों में इसे शर्म का विषय समझा जाता है। इस दौरान बच्चियों को साफ सफाई न होने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस परेशानी से निपटने के लिए 'चुप्पी तोड़ो खुल कर बात करो' की बात कही गई। कार्यक्रम में समाजसेविका मुद्रा सिंह व चाइल्डलाइन केंद्र समन्वयक कृष्ण शर्मा, काउंसलर तृप्ति गोस्वामी, ब्रिजेन्द्र शर्मा, ऋचा सिंह जोत्सना मिश्रा, अभय श्रीवास्तव, ललित आदि लोग मौजूद रहे ।



# UP में कोरोना के ११ नए मामले आए सामने, सक्रिय मरीजों की संख्या ११२ हुई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल १,५५,७३१ सैम्पल की जांच की गयी है। जिसमें कोरोना संक्रमण के ११ नये मामले आये हैं। प्रदेश में कल तक कुल ८,१८,०५,६६३ सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले २४ घंटे में १७ तथा अब तक कुल १६,८७,०४८ लोग कोविड–१६ से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल ११२ एक्टिव मामले है। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल एक दिन में ७,५८,३८६ लोगों को वैक्सीन की डोज दी गयी। प्रदेश में कल तक पहली डोज ६,३५,६५,३१४ तथा दूसरी डोज २,७२,८८,७१८ लगायी गयी हैं। कल प्रसाद ने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकल का पालन अवश्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोविड हेल्पलाइन १८००१८०५१४५ पर सम्पर्क करे।

# उत्तर प्रदेश में चुनावों से पहले कांग्रेस को जोरदार झटका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में २०२२ विधान सभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी को जोरदार झटका लगा है। प्रियंका गांधी के सलाहकार हरेन्द्र मलिक और उनके बेटे व कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज मलिक ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। दोनों ही नेता जल्द ही मुलायम सिंह का हाथ पकड़ सकते हैं और समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस को एक ही दिन में ये लगातार दूसरा बड़ झटका लगा है। पंजाब में भी कांग्रेस को झटका देते हुए अमरिंदर सिंह ने नई पार्टी बनाने का ऐलान कर दिया है साथ ही भाजपा के साथ गठबंधन की बात भी कही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में पिता–पुत्र दोनों को ही बड़ा योगदान है और दोनों को ही दिग्गज नेता माना जाता है। पंकज मलिक दो बार कांग्रेस से विधायक रह चुके है। कांग्रेस की तरफ से वे २००७ में बघरा सीट से विधायक बने थे। इसके बाद २०१२ में वे शामली सीट से विधायक चुने गए। वहीं,



हरेंद्र मलिक भी सांसद रह चुके हैं। हरेंद्र मलिक नेशनल लोकदल पार्टी हरियाणा से २००५ में राज्यसभा सांसद चुने गए थे। खबरों की माने तो २२ अक्टूबर को अखिलेश यादव मुज्जफरनगर में एक चुनावी रैली करने वाले हैं। ऐसे में उस दिन दोनों पिता–पुत्र हरेन्द्र मलिक और पंकज मलिक अखिलेश यादव के बीच सपा ज्वाइन कर सकते हैं।

# अयोध्या में बांग्लादेश की PM शेख हसीना का फूंका गया पुतला

अयोध्या। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को लेकर हुए हिंसा के विरोध में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना का पुतला फूंका। और राष्ट्रपति संबोधित ५ सूत्रीय ज्ञापन देते हुए कहा कि अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार को कदम उठाना होगा। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री धीरेश्वर सिंह ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध जो हिंसा हुई है। लगभग डेढ़ सौ के आसपास दुर्गा पंडालों को फूंका गया है। लगभग २२ जिलों में हिंसा हुई है। जिसमें लगभग १२ हिंदुओं की जान जा चुकी है। जिसको लेकर आज विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा या प्रदर्शन किया गया है। और इस प्रदर्शन के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज रहे हैं। और बांग्लादेश सरकार से पांच मांगें रखी गई कि पीड़ित अल्पसंख्यक हिंदुओं को न्याय और मुआवजा मिले, जान–माल के नुकसान हेतु मुआवजा दिया जाए, आक्रमणकारियों को चुन चुन कर दंडित किया जाए, भविष्य में ऐसी कोई घटना ना हो इसकी समुचित व्यवस्था हो और शेष बचे हिंदुओं के मानव अधिकार के तहत सम्मान पूर्वक रहने की व्यवस्था हो। वही बताया कि अगर आगे भी इस तरह की घटनाएं होती है तो केंद्र सरकार पर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाया जाएगा। मुस्लिम मंच के अध्यक्ष बबलू खान ने कहा कि जिस तरीके से बांग्लादेशियों के प्रधानमंत्री शेखहसीना ने अपने इस्लामिक आतंकवादियों से हिंदू समाज के लोगों का कत्ल किया गया है हमारी बहन बेटियों पर बुरी नजर डाली गई है और धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया है। वहीं कहा कि धर्म नहीं अपनी मानसिकता को बदलो अब कत्ल करना है तो अपने अंदर छुपे शैतान को मारो। वहीं कहा कि हमारे कुरान में नहीं लिखा हुआ है कि किसी बहन बेटियों का इज्जत लुटे। किसी के साथ खिलवाड़ करें और किसी को धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर करें। इस प्रकार से वहां के प्रधानमंत्री इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा दे रही हैं । लेकिन वह नहीं जानती कि कल वही आतंकवादी उनका ही कत्ल करेंगे। वही चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अपने रवैया को नहीं बदला गया तो अयोध्या से धरती से आवाज ही नहीं अब तलवार भी उठेगी।




# समाजवादी पार्टी ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ गठबंधन किया

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी ने बुधवार २० अक्टूबर को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव २०२२ के लिए ओपी राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ गठबंधन किया। निर्णय की घोषणा करते हुए राजभर ने कहा कि दोनों दल राज्य में भारतीय जनता पार्टी से सत्ता में आए हैं। विधानसभा चुनाव आने को है। पांच राज्यों में चुनाव होने है। सभी पार्टियां अपनी चुनावी तैयारी कर रही है। यूपी में सभी पार्टियां अपना चुनावी बिगुल बजा रही है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को यूपी में सत्ता से हटाने के लिए एक साथ आए हैं। मैंने अखिलेश यादव को २७ अक्टूबर को मऊ में 'महापंचायत' के लिए आमंत्रित किया है। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि पिछली बार के विपरीत उनकी पार्टी राज्य में किसी भी बड़ी राजनीतिक ताकत के साथ गठबंधन नहीं करेगी, लेकिन छोटे दलों के साथ जाएगी।



सपा यूपी में छोटे दलों के साथ गठजोड़ करेगी। हमने जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोक दल, संजय चौहान की जनवादी पार्टी और केशव देव मौर्य की महान दल के साथ गठबंधन किया है। समाजवादी पार्टी को पिछले विधानसभा चुनावों और २०१६ के आम चुनावों में कड़वे अनुभव थे जिसमें उसने क्रमशः कांग्रेस और बसपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था।

# बीआरआई पर भारत दर्ज करा रहा था अपनी आपत्ति तभी बंद हो गया माइक, चीन ने मांगी माफी

नयी दिल्ली। भारत ने चीन में संपन्न हुए संयुक्त राष्ट्र सतत परिवहन सम्मेलन में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। आपको बता दें कि भारतीय राजनयिक जब बीजिंग की परियोजना पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवा रही थी तभी अचानक से माइक बंद हो गया। जिसके बाद वहां पर ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि कुछ समय के भीतर ही उसे ठीक कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक माइक में आई तकनीकी समस्या का समाधान हो जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र अवर महासचिव लियू झेनमिन ने कहा कि प्रिय प्रतिभागियों, हमें खेद है। हम कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना कर रहे थे और अगले वक्ता का वीडियो शुरू कर दिया। इसके लिए मुझे खेद है। हालांकि लियू झेनमिन ने वीडियो को रोक दिया और



भारतीय राजनयिक प्रियंका सोहनी से अपना भाषण जारी रखने का अनुरोध किया। चीन की मेजबानी में संयुक्त राष्ट्र सतत परिवहन सम्मेलन का आयोजन १४ से १६ अक्टूबर के बीच हुआ। जिसमें भारतीय राजनयिक एवं बीजिंग में भारतीय दूतावास में द्वितीय सचिव प्रियंका सोहनी ने कहा कि इस सम्मेलन में बीआरआई का कुछ जिक्र किया गया है। यहां मैं कहना चाहूंगी कि जहां तक चीन के बीआरआई की बात है, हम इससे असमान रूप से प्रभावित हुए हैं। तथाकथित चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) में इसे शामिल करना भारत की संप्रभुता में दखलंदाजी करता है। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी देश ऐसी किसी पहल का समर्थन नहीं कर सकता जो संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर उसकी मूल चिंताओं की अनदेखी करता हो। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भारतीय राजनयिक का जब भाषण समाप्त हो गया उसके बाद चीन ने माइक में आई तकनीकी खामी के लिए माफी मांगी।

# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, मजदूरों की हत्या में शामिल २ आतंकियों को किया ढेर

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। आपको बता दें कि सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में २ आतंकियों को मार गिराया है। मारे गए एक आतंकवादी की पहचान लश्कर के जिला कमांडर गुलजार अहमद रेशी के तौर पर हुई है। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि जम्मू–कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना ने कुलगाम में लश्कर के जिला कमांडर गुलजार अहमद रेशी और एक अन्य आतंकवादी को मार गिराया है। यह आतंकवादी १७ अक्टूबर वानपोह में बिहार के दो मजदूरों की हत्या में शामिल थे। जम्मू–कश्मीर में पिछले १५ दिनों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच अबतक ११ मुठभेड़ हो चुकी है। जिसमें सुरक्षाबलों ने १७ आतंकवादियों को नेस्तनाबूत कर दिया है। आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों से घाटी में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि हुई है और आतंकवादी गैर–कश्मीरियों को निशाना बना रहे हैं। इस महीने अबतक ११ लोगों की मौत हो चुकी है।



पुंछ और राजौरी सेक्टर के जंगलों में छिपे आतंकवादियों को नेस्तनाबूत करने के लिए सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया है। जो पिछले १० दिन से जारी है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह इलाका पर्वतीय है और जंगल काफी ज्यादा घना है जिससे तलाशी अभियान मुश्किल और बेहद खतरनाक हो गया है। अभी तक इलाके में छिपे आतंकवादियों से कई बार मुठभेड़ हो चुकी है।

# टी २० विश्व कप २०२१ : विराट कोहली बाहर, रोहित शर्मा अस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में करेंगे भारत का नेतृत्व

दुबई। रोहित शर्मा टी२० विश्व कप २०२१ के अभ्यास मैच में अस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया का नेतृत्व कर रहे हैं क्योंकि नियमित कप्तान विराट कोहली ने बाहर बैठने का फैसला किया है। साथ ही जसप्रीत बुमराह और



मोहम्मद शमी आराम कर रहे हैं। इस बीच दुबई के आईसीसी अकादमी ग्राउंड में बुधवार को चल रहे आईसीसी पुरुष टी २० विश्व कप के अभ्यास मैच में अस्ट्रेलिया ने टस जीतकर भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। टस पर बोलते हुए अस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच ने कहा कि हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। आखिरी गेम में दूसरी बल्लेबाजी की, इसलिए चीजों को थोड़ा बदलना चाहते हैं। यह इस समय बहुत अच्छा चल रहा है। जोश हेजलवुड एकमात्र ऐसा खिलाड़ी है जो आज मैदान पर नहीं उतरे है। मिशेल स्वेपसन और जोश इंगलिस भी नहीं खेल रहे हैं। दूसरी ओर भारत के कार्यवाहक कप्तान रोहित ने कहा कि कोहली, बुमराह और शमी आज आराम कर रहे हैं। हम पहले भी बल्लेबाजी करना चाहते थे। बस कोशिश करना चाहते थे और बोर्ड पर रन बनाना चाहते थे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम ६ वां गेंदबाजी विकल्प प्राप्त करें। बल्लेबाजी क्रम में भी कुछ विकल्प, हम आज उन सभी चीजों को आजमाएंगे। हार्दिक अपनी अच्छी फर्म में हैं लेकिन उन्हें गेंदबाजी शुरू करने में कुछ समय लगेगा। उसने गेंदबाजी शुरू नहीं की है लेकिन उसे टूर्नामेंट की शुरुआत तक तैयार रहना चाहिए। हमारे पास मुख्य गेंदबाजों में गुणवत्ता है, लेकिन आपको छठे गेंदबाज के लिए एक विकल्प की जरूरत है। भारत ने सोमवार को अपने पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया। १८६ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और ईशान किशन ने क्रमशरू ७० और ५१ रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस मैच के बाद भारत का अगला मुकाबला २४ अक्टूबर को टी२० विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में पाकिस्तान से होगा जबकि दूसरी ओर इंग्लैंड का सामना २३ अक्टूबर को वेस्टइंडीज से होगा। ग्रुप २ में, भारत का सामना न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान से होगा, जो टी २० क्रिकेट में उभरती ताकत है, साथ ही ग्रुप बी के विजेता और ग्रुप ए से उपविजेता है। रोहित शर्मा, केएल राहुल, ईशान किशन, विराट कोहली (सी), ऋषभ पंत (डब्ल्यू), सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, राहुल चाहर , और वरुण चक्रवर्ती। ऑस्ट्रेलिया टीमः.. डेविड वार्नर, एरोन फिंच (सी), मिशेल मार्श, स्टीवन स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (डब्ल्यू), एश्टन एगर, मिशेल स्टार्क, जोश इंगलिस, केन रिचर्डसन, एडम जम्पा, जोश हेजलवुड, मिशेल स्वेपसन, ग्लेन मैक्सवेल , और पैट कमिंस।

# आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सेमिनार का हुआ आयोजन

लखनऊ। मोहनलालगंज खंड विकास कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया आजादी के लिए सभी ज्ञात अज्ञात शहीदों को याद करते हुए उनके योगदान को याद किया गया सेमिनार में एडीओं पंचायत अशोक यादव ब्लॉक कोआर्डिनटर रानी तकनीकी सहायक राजकिशोर शुक्ल कमला श्रीवास्तव प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू सहित सोशल आडिट टीम के सदस्य उपस्थित रहे इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने आजादी के अमृत महोत्सव के अपने विचार रखते हुए सोशल आडिट टीम के सदस्यों को भी उनके कर्तव्य के प्रति जागरूक करते हुए प्रशिक्षित किया तकनीकी जानकारी के सन्दर्भ में राजकिशोर शुक्ल (तकनीकी सहायक) ने सभी को जानकारी दिया सेमिनार में आये हुये सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानो के लोगो का धन्यवाद करते हुए ब्लॉक कोआर्डिनटर रानी ने सोशल आडिट के बारे में अपने विचार रखे।

# लगातार अभ्यास मैच जीतने के बाद फैंस बोले-ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड झांकी, पाकिस्तान अभी बाकी

नई दिल्ली। **T20 World Cup 2021 : IPL 2021** के खत्म होने के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट टीम : २० वर्ल्ड कप खेलने पहुंच चुकी है. वर्ल्ड कप के शुरू होने के पहले भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दोनों अभ्यास मैच जीत लिया है. हालांकि दोनों अभ्यास मैच ही थे लेकिन दोनों मैच बड़ी टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ थे. दोनों ही मैचों में भारतीय टीम के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैचों को एकतरफा कर जीत लिया. आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए अंतिम अभ्यास मैच में भारत ने ८ विकेट से जीत दर्ज की. ऐसे में ट्विटर और अन्य सोशल साइट्स में टीम इंडिया हर तरफ दिखाई दी. सोशल मीडिया में महेंद्र सिंह धोनी द्वारा किया गया आईपीएल के लिए किया गया विज्ञापन तेजी से वायरल होता रहा. हालांकि विज्ञापन में महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल के लिए ये लाइन यूज की थी. लेकिन भारत के क्रिकेट फैंस ने इस लाइन को सीधे–सीधे टी–२० वर्ल्ड कप से जोड़ दिया. भारतीय क्रिकेट टीम का हौसला बढ़ाते हुए फैंस ने कहा कि प्रैक्टिस मैच तो बस झांकी पिक्चर अभी बाकी. जाहिर सी बात है कि फैंस २४ अक्टूबर को होने वाले भारत पाकिस्तान के बीच के मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सबसे सुखद बात यह है कि ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में लौट आए हैं. दोनों ही अभ्यास मैच में केएल राहुल का बल्ला चला है. केएल राहुल ने दिखा दिया है कि उनका आईपीएल का फॉर्म अभी भी बरकरार है और वह बॉलरों की पिटाई करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.



दूसरी ओर पहले अभ्यास मैच में आराम करने वाले रोहित शर्मा ने आज टीम की कप्तानी की और बल्लेबाजी करते हुए भी शानदार अर्धशतक जड़ा. अर्धशतक के दौरान रोहित शर्मा ने कुछ गगनचुंबी छक्के भी लगाए जो फैंस को रोमांचित करने वाले थे. भारतीय टीम में फिनिशर के तौर पर खेल रहे हार्दिक पांड्या ने छक्का जड़ भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दिलाई. कुल मिलाकर पूरी भारतीय टीम फर्म में नजर आ रही है. पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि ऐसे में पाकिस्तान के खिलाफ भारत को पहली जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं आने वाली है।

# भाजपा सभासद समेत चार आरोपित न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल

लखनऊ। लखीमपुर खीरी हिंसा कांड से जुड़े लखीमपुर शहर के सभासद सुमित जायसवाल, जिला कौशांबी निवासी सत्यम त्रिपाठी, लखनऊ निवासी नंदन सिंह व बनवीरपुर निवासी शिशुपाल को एसआइटी की टीम ने गिरफ्तार कर रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। रिमांड मजिस्ट्रेट जेएम दीक्षा भारती ने चारों आरोपितों को १४ दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।एसआइटी ने सोमवार को लखीमपुर निवासी सभासद सुमित जायसवाल, आरोपित कारोबारी अंकित दास के गनर जिला कौशांबी निवासी सत्यम त्रिपाठी, अंकित दास के दोस्त लखनऊ निवासी नंदन सिंह व बनबीरपुर निवासी शिशुपाल को गिरफ्तार कर लिया था। एसआइटी ने आरोपित सत्यम त्रिपाठी के कब्जे से एक लाइसेंसी रिवाल्वर व तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। लखीमपुर हिंसा कांड के समय सभासद सुमित जायसवाल का थार गाड़ी से उतरकर भागते हुए वीडियो वायरल हुआ था। तभी से एसआइटी को सुमित की तलाश थी। चारों आरोपितों को विवेचक ने मंगलवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। रिमांड मजिस्ट्रेट ने चारों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।लखीमपुर के तिकुनिया में तीन अक्टूबर को हिंसा के दौरान वाहन से रौंदकर चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हुई थी। हत्या, दुर्घटना में मौत, बलवा आदि के आरोप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष मिश्र समेत २० अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना तिकुनिया में मुकदमा दर्ज किया गया था। आठ अक्टूबर को घटना से जुड़े दो आरोपित लवकुश राणा व आशीष पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।नौ अक्टूबर शनिवार को केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्र को क्राइम ब्रांच के दफ्तर में १२ घंटे की पूछताछ के देर रात एसआइटी की टीम ने गिरफ्तार कर देर रात रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। रिमांड मजिस्ट्रेट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। १२ अक्टूबर को अंकित दास के ड्राइवर शेखर भारती को सुबह सवा सात बजे पलिया बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। १३ अक्टूबर को अंकित दास व उसके गनर लतीफ उर्फ काले क्राइम ब्रांच पहुंचे थे जहां एसआइटी ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया था। अब तक लखीमपुर हिंसा कांड से जुड़े दस आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है।लखीमपुर हिंसा कांड से जुड़े आरोपित सभासद सुनीत जायसवाल, लखनऊ निवासी नंदन सिंह, कौशांबी निवासी सत्यम त्रिपाठी, व बनवीरपुर निवासी शिशुपाल को गिरफ्तार कर मामले के विवेचक ने मंगलवार को रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से एसपीओ एसपी यादव ने चारों आरोपित से पूछताछ व घटना के संबंध में साक्ष्य संकलन करने के लिए कोर्ट से १४ दिनों की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी दाखिल की। आरोपितों के अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने पुलिस कस्टडी रिमांड अर्जी की प्रति की। पुलिस कस्टडी रिमांड पर सुनवाई के लिए २१ अक्टूबर नियत की है। रिमांड के समय आरोपितों के अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने रिमांड निरस्त किए जाने की अर्जी दाखिल की है। अधिवक्ता वधेश कुमार सिंह ने बताया कि एसआइटी की जांच में अभी तक चारों आरोपितों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई अपराध कारित करना नहीं पाया गया है। जिसके चलते रिमांड निरस्त करने की याचना की है।

# सड़क पर शव रखकर आवागमन बाधित में उपद्रवियों पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिसेंडी कस्बे के तिराहे पर शव रखकर आवागमन को अवरुद्ध कर प्रदर्शन एवं राहगीरों के साथ अभद्रता एवं मारपीट गाली गलौज करने पर अराजकता फैला रहे १७ नामजद उपद्रवियों सहित अन्य ५० ६० अज्ञात उपद्रवियों पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया पूरा मामला सिसेंडी के पास मौरावां बिजनौर तिराहे का है जहाँ पर अंसार अली उम्र २० वर्ष सड़क दुर्घटनाग्रस्त में मौके पर ही मौत हो गई थी शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिवार जनों ने शव को लेकर सिसेंडी के तिराहे पर प्रदर्शन किया था उनके साथ कुछ अराजकतत्व भी हाथ में लाठी डंडा लिए हुए मौके पर पहुंच गए थे और बांस बल्ली ठेला लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया था जिससे गाड़ियों की लंबी लंबी कतारें लग गई थी चौराहे की सभी सड़कें पूर्णतया जाम हो गई थी भारी भीड़ के साथ नारेबाजी कर रहे लोग कोविड–१६ अधिनियम का उल्लंघन करते हुए मानव जीवन और स्वास्थ्य को संकट में डाल रहे थे जबकि जिले में धारा १४४ लागू है उपरोक्त लोगों का यह कार्य अवैधानिक था मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराने की कोशिश की लेकिन परिवार जन एवं ग्रामीण नहीं माने और चौराहे पर भीषण जाम लगा दिया भीड़ बढ़ती देख मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी जिसके बाद लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद मौके से हटाया गया था जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लखनऊ जिलाधिकारी ने ईवीएम सेंटर का किया औचक निरीक्षण

लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील परिसर में लखनऊ जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने ईवीएम सेंटर का किया औचक निरीक्षण के दौरान



सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए बुधवार को लखनऊ जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने मोहनलालगंज तहसील परिसर में बने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह मोहन लालगंज उपजिलाधिकारी डॉक्टर शुभी सिंह मोहन लालगंज तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा समेत आला अधिकारी मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान लखनऊ जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने एबीएम मशीन की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश देते हुए साफ सफाई समेत अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुखदेव राजभर का निधन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व दीदारगंज आजमगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के विधायक सुखदेव राजभर का सोमवार को निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। लखनऊ स्थित चंदन अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दिनों उन्होंने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए राजनीति से सन्यास लेने का ऐलान किया था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने दुख व्यक्त किया है।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वरिष्ठ नेता सुखदेव राजभर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन अपूरणीय क्षति है। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना, दिवंगत आत्मा को शांति दे भगवान। 'सामाजिक न्याय' को समर्पित आप का राजनीतिक जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। वहीं, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भी शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि सुखदेव राजभर के निधन का समाचार दुखद है। आप वंचित समाज के लिए समर्पित रहे, आपका जाना समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। परिवारजन के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदेन करें। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कू एप पर पोस्ट कर कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं माननीय विधायक सुखदेव राजभर जी का निधन अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ राजनेता सुखदेव राजभर जी का निधन अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों सहित समर्थकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। निगोहा स्थानीय पुलिस ने बुधवार को पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हृदेश कुमार के निर्देशन में अपराध व अपराधियों की रोकथाम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र में बुधवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था मुखबिर की सूचना पर थाने में पदस्थ एएसआई प्रेम शंकर पांडे ने पुलिस टीम के साथ अभियुक्त पंकज यादव निवासी बिशुनपुर को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया गया जो लगभग ढाई वर्षो से अधिक फरार चल रहा था।

# लखनऊ में टाइप राइटर बाबा के बेटे ने दी जान

लखनऊ। टाइप राइटर बाबा के नाम से मशहूर गोमतीनगर निवासी कृष्ण कुमार के बेटे निखिल ने आत्महत्या कर ली। छत पर उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस को निखिल के पास से तीन सुसाइड नोट मिले हैं जो पुलिस कमिश्नर, एसीपी और इंस्पेक्टर को लिखे गए हैं। सुसाइड नोट में निखिल ने अपनी पत्नी और उसकी महिला बास पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।एसीपी गोमतीनगर श्वेता श्रीवास्तव के मुताबिक ष्ण कुमार ने बताया कि वर्ष २०१२ में उनके बेटे का विवाह मार्टिनपुरवा में रहने वाली अंजू गुप्ता के साथ हुआ था। बेटे की घर पर ही किराने की दुकान थी। बीते कुछ माह से बेटे और बहू के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। क्योंकि बहू एक समाजसेविका के साथ जुड़ गई थी। वह अक्सर उन्हीं के साथ रहती थी। बेटे के विरोध पर उनके बीच झगड़ा होता था। झगड़े के दौरान बहू आत्महत्या की धमकी देने के साथ ही बेटे को छोड़कर समाजसेविका के साथ रहने की बात करती थी। बेटा इस कारण बहुत परेशान चल रहा था। सोमवार रात बेटा सोने की बात कहकर छत पर चला गया। मंगलवार सुबह देर तक जब नहीं उतारा तो छत पर जाकर देखा। वहां पर उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कमरे से तीन सुसाइड नोट भी बरामद किए। कृष्णकुमार ने बताया कि सुसाइड नोट में पुलिस कमिश्नर, एसीपी और इंस्पेक्टर के नाम से थे। बेटे ने अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी और समाजसेविका को ठहराया है। दोनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा समाजसेविका पर गलत काम कराने का भी आरोप लगाया है। एसीपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तक निखिल के परिवारीजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी–छिपे घूम रहे जिला बदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। मंगलवार को पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर चोरी छिपे क्षेत्र में घूम रहे जिला बदर किए गए अपराधी को गिरफ्तार किया है नगराम प्रभारी निरीक्षक शमीम खान के मुताबिक पुलिस आयुक्त ने जमालपुर दरूरी निवासी राममिलन को ६ महीने तक जनपद में आने पर रोक लगाई थी ४ अक्टूबर को निष्कासन का आदेश जारी होने के बाद भी आरोपी चोरी छिपे घर के आस–पास रह रहा था। यह जानकारी मिलने पर मंगलवार को नगराम थाना प्रभारी शमीम खान ने पुलिस टीम के साथ राममिलन को अचली खेड़ा स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया है थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त पर कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिसे गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है।

# वकील गोली कांड के विरोध में सरकार के खिलाफ वकीलों का हाई कोर्ट पर प्रदर्शन

लखनऊ। शाहजहांपुर कचहरी परिसर में गोली मारकर वकील की हत्या तूल पकड़ती जा रही है, एक वकील की हत्या होने से वकीलों में खासी नाराजगी दिखाई दे रही है। वकील की हत्या कांड



को लेकर बुधवार को लखनऊ में अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। कैसरबाग में जिला सत्र न्यायलय के बाहर वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया। इस बीच जिला सत्र न्यायलय के बाहर भीषण जाम लग गया। लोगों को वहां से निकलने में पसीने छूट गए। प्रदर्शन रोकने को लेकर पुलिस प्रशासन और वकीलों के बीच झड़प भी हुई। वहीं वकीलों ने स्थानीय पुलिस को ज्ञापन लखनऊ बार एसोसिएशन के महामंत्री जीतू यादव के नेतृत्व में कई अधिवक्ता जिला सत्र कोर्ट के बाहर नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश, लेकिन वकील नहीं माने। थोड़ी देर धक्का मुक्की के बाद के वकीलों ने उन्न्हें ज्ञापन सौंप दिया। आपको बताते चलें कि.शाहजहांपुर कचहरी परिसर में तीसरी मंजिल पर रिकार्ड रूम के सामने वकील को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारे ने पीछे से फायर मारा और तमंचा फेंककर फरार हो गए। कोर्ट परिसर में हत्या होने से पूरी कचहरी में हड़कंप मच गया। भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। डीएम–एसपी ने मोके पर पहुंचकर मोका–मुआयना किया है। शहर के मोहल्ला ईदगाह निवासी अधिवक्ता भूपेंद्र प्रताप सिंह ३६ ने दो साल पहले कचहरी में वकालत शुरू की थी। इससे पहले यह टीचिंग करते थे। सोमवार को भूपेंद्र सिंह कचहरी में तीसरी मंजिल पर रिकार्ड रूम में कागज चेक करने गए थे। यहां पर ज्यादा लोगों की आवाजाही नहीं रहती है। दोपहर करीब सवा १२ बजे हमलावरों ने भूपेंद्र पर तमंचे से गोली मारी दी और फरार हो गए। उनके पीछे से गोली मारी गई। बताते हैं कि भूपेंद्र पर भी १८ मुकदमें पंजीकृत हैं। कचहरी परिसर में गोली चलने से हड़कंप मच गया। तमाम वकील मौके पर दौड़कर पहुंच गए। भूपेंद्र सिंह खून से लथपथ गैलरी में पड़े थे। उनकी सांसें थम चुकी थी। शव से कुछ दूरी पर ३१५ बोर का तमंचा पड़ा था। पुलिस ने तुरन्त ही कचहरी के गेटों की नाकाबंदी कराकर चेकिंग कराई, पर नतीजा शून्य रहा। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे वकीलों नें अपराधियों को जल्द से जल्द पकडने और वकीलों के लिए अधिवक्ता प्रोजेक्ट कानून बनाने की मांग की है.इस अवसर पर अधिवक्ता अजीत सिंह चौहान, अधिवक्ता आदेश श्रीवास्तव समेत कई अधिवक्ताओं ने सरकार और हत्यारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकीलों की मांग थी कि शाहजहांपुर के मामले में सरकार लापरवाही बरत रही है, मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए, उन्होंने मृतक अधिवक्ता के परिवार को पचास लाख रुपये देने की मांग की, पत्नी को सरकारी नौकरी व उनके बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने के साथ साथ परिवार को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने की मांग की। इसके अलावा अधिवक्ताओं को आत्म सुरक्षा के लिए लाइसेंस जारी करने की मांग भी की।

# जुआं खेलते हुए चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। निगोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर खेल रहे ४ जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार दीपावली नजदीक आते ही क्षेत्र में जुआरियों के फड़ बिछना शुरू हो गया हैं निगोहा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से पुलिस ने ५२ ताश के पत्ते और २७०० रुपए बरामद किए हैं बुधवार की रात मुखबिर की सूचना पर हरिहरपुर पटसा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप पुलिस ने छापा मारा दीवार की आड़ में जुआं खेलते हुए चार युवक मिले जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अभिनंदन लाल उर्फ रवि नंदन लाल निवासी शेरपुर लवल सुरेंद्र कुमार निवासी रानीखेड़ा सनी कुमार व शुभम निवासी बैरी सालपुर का बताया निगोहा थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से ५२ ताश के पत्ते और २७०० रुपए बरामद किया है जिन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है


# फांसी के फंदे से लटका मिला किसान का शव

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर में बुध्वार को संदिग्ध हालत में आम की बाग में फांसी के फंदे से लटके मिले बुजुर्ग किसान के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आया है। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार को मृतक की बेटी की तहरीर पर गांव के ही बाप– बेटे और उनके रिश्तेदार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं मृतका की बेटी अभी भी हत्या का आरोप लगा रही है। उसने वायरल वीडियो में पुलिस पर दबाव बनाकर तीन बार तहरीर बदलवाने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस ने तहरीर बदलवाने की बात से साफ इंकार किया है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बताते चलें कि सरोजनीनगर के पिपरसंड स्थित हुल्ली खेड़ा निवासी किसान खेमई गौतम (६०) का शव बुधवार सुबह संदिग्ध हालात में उसकी ही बाग में आम के पेड़ से रबड़ की डोरी के सहारे लटकता मिला था। पेड़ से लटक रही रबड़ की डोरी उसके गले में बंधी थी और कमर से नीचे का उसका हिस्सा जमीन पर होने के साथ ही वह जमीन पर बैठा नजर आ रहा था। जिसकी वजह से घटनास्थल की स्थिति देखकर हत्या का अंदाजा लगाया जा रहा था। वहीं मृतक खेमई की बेटी मधु गौतम ने इस मामले में आरोप लगाया था कि गांव के ही गंगाराम ने कुछ दिनों पहले उसके भाई दीपक के ऊपर झूठा मुकदमा लगाकर उसे जेल भिजवा दिया। बाद में सुलह समझौता करने के नाम पर खेमई से १० लाख रुपए मांग रहे थे। मधु ने आरोप लगाया था कि सुलह समझौता कराने की बात कहकर गंगाराम उनका बेटा सौरभ और दामाद संतराम मंगलवार रात खेमई को घर से बुला ले गए। जहां उन्होंने उसकी हत्या कर शव को आम के पेड़ से लटका दिया। उधर पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजने के बाद मधु द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी।

# अद्भुत जीव : एलियन्स, धरती पर किसी हलचल का दावा

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

आदिकाल से ही इस धरती पर







रहने वाले लोगों की दिलचस्पी हमेशा ये जानने में रही है कि इस लोक के अलावा क्या कोई दूसरा लोक भी है जहां कोई जीव रहते हैं? विज्ञान को या वैज्ञानिकों को आज तक ऐसे कोई पक्के सुबूत नहीं मिले हैं जिन्हें देखकर ये दावा

हलचल का दावा. लेकिन, विभिन्न तरह के साक्ष्य और भी हैं जो संकेत देते हैं कि हो सकता है कि एलियन होते ही हों और वो आज भी धरती पर आते हों और फिर चले जाते हों. क्या आपने कभी सोचा कि धरती पर ऐसे कई निशान और सुराग मिले हैं जो ना सिर्फ बहुत पुराने हैं बल्कि वो इतने

शामिल है. अगर हम इस विषय पर काम करने वाले विशेषज्ञों की बात मानें तो एलियन के होने–ना–होने की पूरी कहानी इस सोच पर केंद्रित है कि सदियों पहले कई और ग्रहों पर भी एलियन यानी परलोकी जीवों का वास था. हिस्ट्री डॉटकॉम के मुताबिक ये सोच मानती है कि दूसरे ग्रहों के

आते हैं और फिर चले जाते हैं. इस उपकरण को अक्सर अज्ञात उड़न तश्तरी यानी अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट यानि यूएफओ के नाम से जाना जाता है. चपटे गोले के आकार में दिखने वाले इन विमान के बारे में आज भी कई जगह लोग दावा करते हैं कि उन्होंने

अलावा लोगों के दावे भी हैरान कर देने वाले रहे हैं. बड़ी आंखें, बड़ा सा सिर, छोटा कद, अजीबगरीब आवाज और रहस्यमयी शक्तियां आदि. यह सच हैकि अभी एलियंस के बारे में दुनिया कोई पुख्ता दावा नही करती लिकिन यह भी सच है इस विशाल और महानतम ब्रह्मांड में कोई कोई

# यूपी में १६१ महिलाओं को टिकट देगी कांग्रेस

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि अगले साल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ४० महिलाओं को टिकट देने की घोषणा के साथ साथ प्रियंका ने चुनाव के लिए नया नारा दिया, 'लड़की हूं लड़ सकती हूं'। कांग्रेस की इस घोषणा का मतलब है कि वह अगले चुनाव में उत्तर प्रदेश की कुल ४०३ विधानसभा सीटों में से १६१ पर महिला उम्मीदवार




फीसदी टिकट महिलाओं को देगी। प्रियंका ने कहा है कि कांग्रेस का यह फैसला उन तमाम महिलाओं के लिए है, जिन्होंने राज्य में पीड़ित हुई हैं। इस क्रम में उन्होंने उन्नाव से लेकर हाथरस तक की घटना का भी जिक्र किया और राज्य सरकार पर निशाना साधा। विधानसभा चुनाव में ४० फीसदी उतारेगी। प्रियंका ने जब यह घोषणा की तब उनके साथ पार्टी की दो महिला नेता भी मौजूद थीं। कांग्रेस की इस घोषणा से दूसरी पार्टियों पर भी दबाव बढ़ेगा। प्रियंका इस घोषणा से महिलाओं को कांग्रेस की ओर आकर्षित कर सकती हैं। महिलाओं को टिकट मिलने के बावजूद परिवार के पुरुषों का ही राजनीति में वर्चस्व होने के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका ने कहा कि इसमें कोई हर्ज नहीं है। उन्होंने कहा– हमने आवेदन मांगे हैं और १५ नवंबर तक लोग टिकट के लिए आवेदन कर सकते हैं। महिलाओं को टिकट मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। प्रियंका ने यह भी कहा कि उनका बस चलता तो वह ४० की जगह ५० फीसदी टिकट महिलाओं को देतीं। खुद विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल को टालते हुए प्रियंका ने कहा कि इस पर बाद में सोचेंगे। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के मुख्यमंत्री के चेहरे के साथ उतरने के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। प्रियंका ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में राज्य सरकार पर जम कर निशाना साधा और कहा कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी की सुरक्षा कोई नहीं करता। उन्होंने लखीमपुर खीरी की घटना का हवाला देते हुए कहा– आज सत्ता का नाम ये है कि आप खुलेआम लोगों को कुचल सकते हैं। आज नफरत का बोलबाला है, महिलाएं इसे बदल सकती हैं।

# शर्लिन चोपड़ा को शिल्पा और राज से मांगनी होगी माफी, अगर नहीं मांगी तो 50 करोड़ का मानहानि केस

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके बिजनेसमैन पति राज कुंद्रा ने शर्लिन चोपड़ा की अनगर्ल बयानबाजी से परेशान होकर उनके विरुद्ध बड़ा कदम उठाया है। शिल्पा और राज ने शर्लिन चोपड़ा के खिलाफ ५० करोड़ रुपये के मानहानि का मुकदमा दायर करने का फैसला लेते हुए शर्लिन चोपड़ा को माफी मांगने के लिए कहा है। आपको बता दें कि शर्लिन चोपड़ा ने राज कुंद्रा पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मीडिया में कई बातें कही थी। इसका उन्होंने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला था। माफी मांगो वरना, ५० करोड़ के मानहानि का मुकदमा शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने शर्लिन के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए वकील प्रशांत पाटिल के माध्यम से उन्हें नोटिस भेजकर एक हफ्ते के भीतर माफी मांगने को कहा है और अगर शर्लिन चोपड़ा राज कुंद्रा शिल्पा शेट्टी से माफी नहीं मांगती हैं तो उनके खिलाफ ५० करोड़ का डिफेमेशन सूट और क्रिमिनल सूट फाइल किया जाएगा। शिल्पा और राज की ओर से कहा गया है कि शर्लिन चोपड़ा ने उनके खिलाफ भद्दी टिप्पणी कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है। शर्लिन चोपड़ा द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप मनगढ़ंत, झूठे, निराधार और बिना सबूत के हैं। शर्लिन चोपड़ा ने सिर्फ उनसे जबरन वसूली करने के मकसद से ये आरोप लगाए हैं। ऐसे में अब देखना ये होगा कि क्या शर्लिन अपनी बातों से पीछे हटकर शिल्पा और राज से माफी मांगती है या ५० करोड़ के मानहानि मुकदमे के लिए तैयार रहती है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# मशहूर अभिनेत्री फारुख जाफर ने दुनिया को कहा अलविदा, फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने वाली सबसे उम्रदराज अभिनेत्री थीं

नई दिल्ली। फिल्म 'उमराव जान' में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली मशहूर अभिनेत्री फारुख जाफर का लखनऊ में निधन हो गया है। वे ८८ साल की थीं और काफी वक्त से कई बीमारियों से जूझ रहीं थीं। फारूख जाफर की आखिरी बॉलीवुड फिल्म २०२० में रिलीज हुई 'गुलाबो सिताबो' थी। इस फिल्म में आयुषमान खुराना २०२० में रिलीज हुई 'गुलाबो सिताबो' उनकी आखिरी फिल्म थी। फारुख जाफर ने इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की मां का रोल निभाया था। उन्हें गुलाबो सिताबो में फातिमा बेगम के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ सह–अभिनेत्री के तौर पर फिल्मफेयर अवर्ड से भी नवाजा गया था। जिसके बाद एक एक्टर के तौर पर फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने



और अमिताभ बच्चन भी थे। १९८१ में आई रेखा की चर्चित फिल्म 'उमराव जान' से फारुख जाफर ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। इस फिल्म में जाफर रेखा की मां के किरदार में नजर आई थी। फारुख जाफर ने लखनऊ में विविध भारती में एक रेडियो अनाउंसर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। वे एक रंगकर्मी भी थी। उत्तर प्रदेश के जौनपुर के एक जमींदार परिवार से ताल्लुक रखनेवाली फारूख जाफर की शादी १३ साल की उम्र में एक पत्रकार के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले सैयद मोहम्मद जाफर से हुई थी। वाली वो सबसे उम्रदराज अभिनेत्री बनी थीं। उमराव जान के बाद फारूख जाफर बॉलीवुड से लंबे समय के लिए दूर हो गई और २३ साल बाद फिर से बड़े पर्दे पर शाहरुख खान की फिल्म 'स्वदेश' में नजर आईं। इसके अलावा फारुख जाफर ने आमिर खान की 'पीपली लाइव' के अलावा 'सुल्तान', 'चक्रव्यूह' और 'तनु वेड्स मनु', 'गुलाबो सिताबो' में भी अपनी अदाकारी का शानदार नमूना पेश किया था। इनके अलावा उन्होंने 'अनवर का अजब किस्सा', अलीगढ़, पार्च्ड, सीक्रेट सुपरस्टार, फोटोग्राफ जैसी फिल्मों में भी भूमिकाएं निभाईं।

# बॉलीवुड की ये मशहूर एक्ट्रेस हुई कोरोना पॉजिटिव, साथ में संक्रमित हुए मंगेतर भी

मुंबई। कोरोना संक्रमण की मार से बलीवुड की हस्तियां भी नहीं बच पाई है। अब बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा बेदी कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस को इसकी जानकारी देते हुए एक वीडियो शेयर किया है। पूजा ने इस वीडियो में बताया कि उन्होंने बुखार हुआ होने पर कोविड–१६ टेस्ट करवाया, जिसकी रिपोर्ट मैंने बिना वैक्सीन लगवाए रहने का फैसला किया था क्योंकि अपनी नैचुरल इम्युनिटी के साथ रहना मेरा निजी फैसला था। आप वही करते हैं जो आपके लिए सही है। सावधानी रखो, पैनिक मत हो। आपको बता दें कि, पूजा बेदी बॉलीवुड एक्टर कबीर बेदी और प्रोतिमा बेदी की बेटी हैं। पूजा बेदी ने भी हिन्दी फिल्मों में काम किया



पॉजिटिव पाई गई है। ऐसे में उन्होंने कहा कि उनके मंगेतर और हाउस हेल्प भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। एक्ट्रेस पूजा ने वीडियो में ये भी खुलासा कि, उन्होंने अबतक कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाई थी, इन्होंने कहा कि, उन्हें अपनी बॉडी की इम्युनिटी पर पूरा विश्वास था, लेकिन वे गलत साबित हुई। पूजा ने वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा कि, कोविड पजिटिव! आखिरकार मैं कोरोना से संक्रमित हो ही गई। है। १६६१ से १६६५ तक पूजा बेदी ने बॉलीवुड फिल्मों के साथ–साथ कई विज्ञापनों और अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई है और अब सोशल मीडिया पर उन्हें काफी पसंद किया जाता है। पूजा बेदी के कंडोम के एक ऐड के लिए आज भी याद किया जाता है। कोरोना पॉजिटिव आने के बाद अब पूजा, सभी जरूरी नियमों का पालन कर रही है। वह अपनी इम्युनिटी को बढ़ाने के लिए काढ़ा और जूस पी रही हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक